अजीत समाचार

शाहाबाद : ऑनलाइन कार्यशाला में भाग लेते हुए मुख्य वक्ता प्रो. रमन वल्लभ व अन्य।

वित्तीय साक्षरता पर ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन

शाहाबाद मारकंडा, 11 जनवरी (विजय कुमार) : मंगलवार को आर्य कन्या महाविद्यालय शाहाबाद में आईईपीएफए भारत सरकार के तत्वाधान में आइक्यूएसी के निर्देशन में वाणिज्य विभाग द्वारा पांच दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का समय दो सत्र में रहा। महाविद्यालय के प्राचार्या डा. सुनीता पाहवा ने सीनियर रिसोर्स पर्सन इन इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ कॉर्पोरेट अफेयर के मुख्य वक्ता प्रो. रमन बल्लभ का स्वागत किया। इस अवसर पर वाणिज्य विभागाध्यक्ष डा. अंजू, वीना एवं कन्वीनर ऑफ आईक्यूएसी डा. आरती त्रेहन भी मौजूद रहे। अंकिता हंस ने मुख्य वक्ता के परिचय से श्रोताओं को अवगत कराया एवं मंच का संचालन किया। प्रो. रमन बल्लभ ने छात्राओं को कैपिटल मार्केट की पूरी जानकारी के साथ-साथ इसमें उपलब्ध नौकरी के पर्याप्त अवसर के बारे में बताया। इस कार्यशाला में लगभग 100 छात्राओं ने भाग लिया और कार्यशाला के समापन पर रोजी ने सभी का धन्यवाद किया।